This question paper contains **8+2** printed pages]

*Your Roll No.*................

**7856**

**LL.B. /III Term** **E**

Paper LB-301—CONSTITUTIONAL LAW—I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written either in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Critically evaluate the concept of collegium with reference to National Judicial Appointment Bill, 2014. 10

राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्तियाँ विधेयक, 2014 के सन्दर्भ में कॉलीजियम की संकल्पना का समीक्षात्मक आकलन कीजिए।

(*b*) The Governor of State of Bihar promulgated an ordinance in 1983 which he repromulgated several times. Discuss the validity of exercise of this power. 10

बिहार राज्य के राज्यपाल ने 1983 में एक अध्यादेश प्रख्यापित किया जिसको उसने अनेक बार पुनर्प्रख्यापित किया था। इस शक्ति के प्रयोग की विधिमान्यता का विवेचन कीजिए।

2. (*a*) Explain the principle of collective responsibility. Does it apply in case where the House is dissolved. Discuss it with the relevant cases ? 10

सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। क्या यह उस केस में लागू होता है जहाँ सदन का विघटन हो गया है ? इसका विवेचन सुसंगत केसों के साथ कीजिए।

(*b*) A state Legislature enacts a legislation to regulate the use of loudspeakers and other form of sound amplifiers by exercising powers in the state list on the subject. "Public Health" and "Public Order" which is challenged on the ground that the legislature was covered under the subject "broadcasting and other like form communication" provided in the union list of the seventh schedule of the constitution of India ? What principle of interpretation to be applied in this case ? 10

किसी राज्य का विधानमण्डल लाउडस्पीकरों तथा अन्य प्रकार के ध्वनि-विस्तारकों के उपयोग को विनियमित करने के लिए राज्य सूची में "लोक स्वास्थ्य" तथा "लोक व्यवस्था" विषय पर शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधान का अधिनियम करता है जिसको इस आधार पर आक्षेपित किया गया है कि उक्त विधान भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की संघ सूची में उपबंधित "प्रसारण और वैसे ही अन्य संचार साधन" विषय में समाहित था। इस मामले में निर्वचन का कौनसा सिद्धांत लागू किया जाना है ?

3. What is the nature of Indian Constitution ? On what grounds is its spirit of federalism challenged ? Mention its important features. 20

भारत के संविधान का स्वरूप कैसा है ? परिसंघवाद की इसकी चेतना को किस आधार पर आक्षेपित किया जाता है ? इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

4. (*a*) Explain with the help of decided cases doctrine of territorial nexus ? 10

राज्यक्षेत्रीय संबंध के सिद्धांत की व्याख्या विनिश्चित केसों की सहायता से कीजिए।

(*b*) Can a convicted person who is disqualified for being a member of state legislature be appointed as chief minister of a state ? Explain with the help of decided cases. 10

क्या किसी सिद्धदोष व्यक्ति को, जो राज्य विधानमंडल का सदस्य होने के लिए निरर्हित है, राज्य का मुख्य मंत्री नियुक्त किया जा सकता है ? विनिश्चित केसों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

5. (*a*) "India has President but not presidential form of government." Critically evaluate the position of president in light of decided cases. 10

"भारत में राष्ट्रपति है पर अध्यक्षात्मक प्रकार की सरकार नहीं है।" विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति की स्थिति का समीक्षात्मक आकलन कीजिए।

(b) Discuss and explain the doctrine of pith and substance as applied in the distribution of powers between union and state referring to decided cases. 10

विनिश्चित केसों को निर्दिष्ट करते हुए संघ तथा राज्य के बीच शक्तियों के वितरण में यथाप्रयुक्त तत्व और सार के सिद्धांत का विवेचन तथा व्याख्या कीजिए।

6. (a) The ninth schedule of constitution was an exception to the doctrine of basic structure till the Waman Rao's decision through judicial review being held to be a part of basic feature. Discuss the amendability of the

Constitution in the light of the said proposition and point out its changing nature with the help of recent judicial trends. 10

संविधान की नौवीं अनुसूची आधारिक संरचना के सिद्धांत के प्रति वामनराव के निनिश्चय तक एक अपवाद थी। हालांकि न्यायिक पुनर्विलोकन को आधारभूत विशेषता का भाग माना गया। उक्त प्रतिपादना को ध्यान में रखते हुए संविधान की संशोधनीयता का विवेचन कीजिए और हाल की न्यायिक प्रवृत्तियों की सहायता से इसके परिवर्तनशील स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(*b*) The Governor of the state 'Z' submit a report to the President stating that there is breakdown of constitutional machinery in the state and recommendation of imposition of President rule. The president issues proclamation under

Article 356 even though the chief minister of state enjoy the support of the majority of Legislative Assembly. What is the extent of judicial review in such matter of the imposition of President Rule were to be challenged. Decide it citing precedents. 10

राज्य Z के राज्यपाल ने यह उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की, कि राज्य में संवैधानिक तंत्र ठप्प पड़ गया है तथा राष्ट्रपति शासन अधिरोपित करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति ने उद्घोषणा अनुच्छेद 356 के अधीन जारी की हालांकि राज्य के मुख्य मंत्री को विधान सभा के बहुमत का समर्थन प्राप्त था। यदि राष्ट्रपति शासन के अधिरोपण को आक्षेपित किया जाना है तो ऐसे मामले में न्यायिक पुनर्विलोकन किस सीमा तक होता है? पूर्व उदाहरण का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।

7. "Taxes of compensatory nature and regulatory measures are outside the scope of Article 301 of the constitution." Examine it critically bringing out the difference between compensatory tax and fee. 20

"प्रतिपूरक स्वरूप के कर तथा नियामक उपाय संविधान के अनुच्छेद 301 की परिधि से बाह्य हैं।" प्रतिपूरक कर और शुल्क के बीच अन्तर को स्पष्ट करते हुए इसका समीक्षात्मक आकलन कीजिए।

Write short notes on the following :

(*a*) Doctrine of colourable legislation with the help of the decided cases. 10

(*b*) Can cession of Indian territory to foreign nation be happened ? 10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) विनिश्चित केसों की सहायता से आभासी विधायन का सिद्धांत।

(ब) क्या विदेशी राष्ट्र को भारतीय राज्यक्षेत्र का त्यजन किया जा सकता है ?